14.01.2022

प्रेस प्रकाशनी

सीबीएसई ने सहोदय स्कूल संकुल के राष्ट्रीय सम्मेलन के 27वें संस्करण की घोषणा की

सीबीएसई के तत्वावधान में सहोदय समिति, ग्वालियर द्वारा 17 और 18 जनवरी 2022 को सहोदय स्कूल संकुल के राष्ट्रीय सम्मेलन के 27वें संस्करण का आयोजन भारत की आजादी के 75 वर्ष का उत्सव मनाते हुए 'पुनर्नवा - भारत की पुनर्खोज @ 75' विषय पर ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव के अनुसंकेतक/ प्रतिष्ठित सप्ताह को मनाने के लिए शिक्षा मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का भी हिस्सा होगा।

मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल माननीय श्री मंगुभाई सी. पटेल, मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान, डॉ. सुभाष सरकार, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती अनीता करवल, सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, श्री मनोज आहूजा, अध्यक्ष, सीबीएसई इस मौके पर अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करेंगे।

समृद्ध अनुभव और उपलब्धियां प्राप्त विभिन्न व्यावसायों के प्रख्यात वक्तागण, प्रतिभागियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे। वस्तुतः इस सम्मेलन में हमारे साथ 7000 से अधिक स्कूल नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे।

खेल आधारित अधिगम, शिक्षण साधन के रूप में संगीत, जलवायु परिवर्तन को कम करने, कहानी कहने की शक्ति, पुरातत्व का महत्व, दक्षता के लिए योग, मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा में खेल के महत्व पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में एनईपी 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रणनीतियों पर भी चर्चा होगी।

सम्मेलन के दौरान छात्रों के कला कार्य पर एक ई प्रदर्शनी आयोजित होगी। सम्मेलन के दौरान देश की विरासत को संरक्षित करने के लिए स्कूलों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम पद्धतियों/ प्रथाओं को प्रदर्शित करने वाली एक ई स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। यह सम्मेलन सीबीएसई के संबद्ध स्कूलों और देश के अन्य स्कूल बोर्डों में एनईपी 2020 के कार्यान्वयन को भी बढ़ावा देगा क्योंकि इसके उप-विषयों में नीति की विभिन्न सिफारिशों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इसके उद्घाटन और समापन सत्र का सीधा प्रसारण सीबीएसई यूट्यूब चैनल पर निम्नलिखित लिंक पर किया जाएगा:

सत्र	तिथि	समय	लिंक
उद्घाटन सत्र	17 जनवरी 2022	प्रातः 09.30 से प्रातः 11.30 बजे	https://bit.ly/27NSC-Inaugural
समापन सत्र	18 जनवरी 2022	सांय 04.00 से सांय 04.45 बजे	https://bit.ly/27NSC-Valedictory

सहोदय विद्यालय संकुल का विचार सबसे पहले शिक्षा आयोग, 1966 द्वारा रखा गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1966 में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए स्कूल संकुलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता को मजबूती से दोहराया गया था। इससे स्कूलों को एक साथ लाने और उनके आपस में उपयोगी संवाद के लिए उनका नेटवर्क बनाने में सहायता मिली।

टीम सीबीएसई